भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक द्वारा आत्महत्या

8302. **श्री निहाल सिंह :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भाभा परमाणु अनुसंधान के एक वैज्ञानिक ने 10 मार्च, 1981 को इमारत की 16वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्म हत्या कर ली थी ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस घटना की कोई जांच कराई है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका परिणाम क्या रहा ?

विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रानिकी और पर्यावरण विभागों में राज्य मंत्री (श्री सी० पी० एन० सिंह) : (क) से (ग) जी, हां । किन्तु यह घटना 9 मार्च, 1981 को हुई थी । सन् 1976 से उस वैज्ञानिक का इलाज विखंडित-मनस्तता रोग के लिए चल रहा था । मृत्यु के समय वैज्ञानिक चिकित्सा-अवकाश पर था । पुलिस द्वारा इस मामले की अब तक की गई जांच से किसी प्रकार का धोखा किए जाने के संकेत नहीं मिले हैं तथा प्राप्त प्रमाणों से पता चलता है कि यह आत्म हत्या का मामला है ।

कम मूल्य पर एच० एम० टी० घड़ियां

8303. **श्री निहाल सिंह :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लिमिटेड ने कुछ महीने पहले यह घोषणा की थी कि लोगों को एच० एम० टी० घड़ियां केवल 100 रुपये के सस्ते मूल्य पर बेची जायेंगी ; और

(ख) यदि हां, तो लोगों को कब तक बाजार में यह घड़ियां उपलब्ध होंगी ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चरणजीत चानना) : (क) जी, हां । एच० एम० टी० ने बताया है कि उनका विचार एक सस्ती घड़ी का विकास करने का है जिसका कारखाने से निकलते समय का मूल्य लगभग 100 रु० होगा ।

(ख) प्रस्तावित सस्ती घड़ी की क्वालिटी और विश्वसनीयता का सुनिश्चय करने के लिए एच० एम० टी० ने कदम उठाए हैं । आशा है कि इसका आद्य-रूप अगले वर्ष बाजार परीक्षण के लिए तैयार हो जायेगा ।

M.C.U. at Railway Stations not Catering for Defence Civilians

8304. SHRIMATI KISHORI SINHA: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Movement Control Units set up at all important railway stations do not cater for the rail accommodation requirements of the defence civilians who move out on tour/duty particularly when seats/berths are available and are surrendered unused to the Railways;

(b) if so, the reasons the civilians on duty are refused the facility; and

(c) whether it is proposed to review the policy and make it helpful for civilians too who are also as much a part of the Defence as combatants are?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI SHIVRAJ V. PATIL): (a) Yes, Sir.

(b) This quota is meant for Defence Services Personnel only.

(c) There is no such proposal under consideration of the Government at present.